







# विश्वविद्यालय में एनएसयूआई का जंगी प्रदर्शन, पुलिस ने चलाया वाटर कैनन

## जिलाध्यक्ष सहित कई छात्र गिरफ्तार, पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हुई है धांधली, कुलगुरु से मिलने जा रहे थे छात्र





**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हुई गड़बड़ी सहित विभिन्न मांगो को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार की दोपहर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय में कुलगुरू से मिलने के लिये जैसे ही छात्र आगे बढ़े तो उन्हे पुलिस ने रोक लिया. छात्रों को तितर-बितर करने के लिये वाटर कैनन का प्रयोग किया गया, साथ ही एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सहित कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया.**

उधर छात्रों का कहना है कि वह अपनी न्याय संगत मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. लेकिन विश्वविद्यालय प्रवेश द्वार के पहले ही पुलिस ने रोक लिया और गिरफ्तार किया. विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम हाल ही में घोषित हुआ है, जिसमें भारी धांधली की गई है. इसी तरह अतिथि विद्वानों को नियम विरूद्ध तरीके से रखा गया है. संबल योजना सहित कई मांगो को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन था. एनएसयूआई का कहना है कि अगर हमारी बात नही सुनी गई तो आगे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा. जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया जायेगा. पीएचडी प्रवेश परीक्षा में बीजेपी से जुड़े लोगो को एवं जो विश्वविद्यालय प्रोफेसर के नात रिश्तेदार है उन्हे पास किया गया है. प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता जैसे ही विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार में पहुंचे उसी समय पुलिस ने रोक लिया और बर्बरता पूर्वक खदेड़ते हुए वाटर कैनन चलाया. जिससे कार्यकर्ता इधर उधर हो गये और फिर सभी को गिरफ्तार कर लिया गया. एनएसयूआई ने एक दिन पूर्व ही जंगी प्रदर्शन का ऐलान किया था. सुबह से ही भारी पुलिसबल विश्वविद्यालय प्रवेश द्वार पर तैनात था ताकि छात्र अंदर प्रवेश न कर सके.

पुलिस की सख्ती के कारण छात्र कुलगुरू से नही मिल पाए. प्रदर्शन में प्रदेश सह सचिव निकिता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, आर्यन सिंह हरिओम कुशवाहा, रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी, टीआरएस कॉलेज इकाई अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा, सागर प्यासी, सनी रॉय, अमन द्विवेदी, बलराम तिवारी, मोहित शुक्ला, संजीव शुक्ला, अजय सिंह, आदि सैकड़ों की संख्या में छात्र नेता उपस्थित रहे.

कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल ने छात्रों पर की गई बर्बरता पूर्ण कार्यवाही की निंदा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगातार छात्रों के हितों की अनदेखी की जा रही है. विश्वविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के विरूद्ध छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर जिस तरह से कार्यवाही की गई वह निंदनीय है.

### कानून व्यवस्था को देखते हुए की गईकार्यवाही : राजीव


सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि एनएसयूआई के कार्यकर्ता और छात्र विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन कर रहे थे और कुलगुरू से मिलने के लिये जा रहे थे. जहा कानून व्यवस्था को देखते हुए खदेड़ा गया. साथ ही वाटर कैनन का भी प्रयोग किया गया है. जिलाध्यक्ष सहित कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है.

### आवाज दबाने की पुलिस ने कोशिश की : पंकज

जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने बताया कि एनएसयूआई कार्यकर्ता विश्वविद्यालय का घेराव करने जा रहे थे. लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस के माध्यम से छात्रों को परिसर तक पहुँचने से पहले ही रोक दिया. प्रदर्शन को रोकने के दौरान छात्रों पर वाटर कैनन एवं लाठीचार्ज किया गया और साथ ही सैकड़ों साथियो की गिरफ्तारी भी की गई एनएसयूआई ने कहा है कि यह आवाज इतने में रुकने वाली नहीं है. हम अपनी माँगों पर तब तक अडिग रहेंगे जब तक प्रशासन द्वारा त्वरित और ठोस कार्यवाही नहीं की जाती.

# विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर घिरा विश्वविद्यालय

## न्यायिक जांच को लेकर कमिश्नर से शिकायत



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, अवधेश प्रताप सिंह विश्विद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा और परिणाम में हुई व्यापक अनियमिता को लेकर जारी सभी विषयों के परिणाम का पुनर्मूल्यांकन और पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच के लिए अभ्यार्थीओ का एक प्रतिनिधि मंडल अधिवक्ता अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में संभागायुक्त से मिलकर अपनी बात रखी.**

पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की गई. विश्विद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई गई उसके पूर्व पेपर निर्माण में नियमो की अनदेखी हुई है जब की अध्यादेश 11 की धारा 9 में साफ साफ लिखा है की पेपर पैनल द्वारा निर्माण कराया जाएगा एवं विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 44 भी यही प्रावधान करती है. किंतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्न पत्र निर्माण में नियम विरुद्ध तरीके से प्रश्न पत्र निर्माण कराया तथा कई विषयों के पेपर निजी महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा बनवाया जिनके द्वारा पेपर लीक किया जाना प्रतीत हुआ, साथ ही विश्विद्यालय कुलगुरु द्वारा जबलपुर में उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन भी वही कराया गया. नई मूल्यांकन समिति गठित की जाय. किसी भी परीक्षा के बाद उस परीक्षा की आंसर की जारी की जाती है एवं आंसर की पर प्रशासन द्वारा दावा आपत्ती ली जाती है. तत्पश्चात परिणाम जारी होते हैं लेकिन अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में न आंसर की जारी हुई ना दावा आपत्ती लिया गया ना किसी प्राध्यापक को परीक्षा के मूल्यांकन का नोडल बनाया गया और ना ही मूल्यांकन के लिए कोई समिति बनाई गई शारीरिक शिक्षा विषय में डॉक्टर रामभूषण मिश्रा द्वारा स्वयं पैनल तैयार किया गया तथा उसे पैनल से कुलगुरु ने उन्हीं का नाम फाइनलाइज किया क्योंकि वह कलगुरु के नजदीकी है एवं प्रश्नपत्र का निर्माण भी कराया गया जबकि उनके सगे बड़े भाई के बेटे विकल्प मिश्रा परीक्षार्थी थे. संभागायुक्त को ज्ञापन सौप कर पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की गई है. इस दौरान मोहित गुप्ता, आभा पटेल, प्रभात पाण्डेय, किरन पटेल, शुभम पाण्डेय मौजूद रहे.

### उच्च न्यायालय के शरण में जाएंगे अभ्यर्थी

विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेश परीक्षा में जो अभ्यार्थी चयनित हुए है उनका 6 नवम्बर से साक्षात्कार लेने की तैयारी है. जबकि पूरी प्रक्रिया के विरोध में असंतुष्ट अभ्यार्थीगण उच्च न्यायालय जबलपुर न्याय के लिये जाएगे. अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने बताया कि निष्पक्ष और न्यायिक जांच के लिये हाईकोर्ट में याचिका दायर की जायेगी.

## संक्षिप्त

### समीक्षा बैठक आज

**रीवा,** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा एवं कृषि उत्पादन आयुक्त की आगामी बैठक के आयोजन के संबंध में समीक्षा बैठक 30 अक्टूबर को प्रात: 11.30 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई है. बैठक में कृषि एवं उससे संबद्ध अन्य विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### राजस्व अभिलेखों में आज इस्तलाबी कराएं

रीवा, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व अभिलेखों में 30 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर पारित आदेशों का शत प्रतिशत इस्तलाबी सुनिश्चित करायें. उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों में आदेश पारित होने के बावजूद भी राजस्व अभिलेखों में आदेशों की इस्तलाबी नहीं की जाती जो पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही है. कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा भी तत्संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं. कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन की कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिये हैं.

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ होगी

**रीवा,** सरदार बल्लभभाई पटेल के 150वें जन्म उत्सव राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रत्येक पुलिस थाने में एकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा. राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए यह दौड़ सुबह 8 बजे से आयोजित होगी. दौड़ में युवाओं, खिलाड़ियों, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स, श्रृजन समूह की बालिकाऐं अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी एवं विशेष सशस्त्र बल के पुलिस कर्मी दौड़ में भाग लेंगे.

### संभागीय बैठक कल

**रीवा,** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में जिला स्तर पर समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया है. बैठक में आगामी नवम्बर माह में रीवा संभागीय मुख्यालय में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय रोजगार-स्वरोजगार मेले की तैयारी की समीक्षा की जायेगी. आगामी 31 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार सिंगरौली में, 3 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार सतना में, 4 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में तथा 6 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी हैं. बैठक में स्वरोजगार के प्रकरणों से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा प्रेषित प्रकरणों की स्वीकृत एवं वितरण की समीक्षा की जायेगी. बैठक में संबंधित जिलों के कलेक्टर के साथ ही विभागीय अधिकारी तथा एलडीएम उपस्थित रहेंगे.

### प्रदेश स्थापना दिवस एक नवम्बर को

**रीवा,** प्रदेश स्थापना दिवस आगामी एक नवम्बर को मनाया जाएगा. इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि एक नवम्बर को जिले भर में पूरे उल्लास के साथ प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाएगा. जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा. इसमें जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजनों की सहभागिता रहेगी. कार्यक्रम स्थल पर जिले की उपलब्धियों और उत्कृष्ट कार्यों तथा स्वसहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी. जिला मुख्यालय के सभी शासकीय भवनों में एक नवम्बर की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी. जिला शिक्षा अधिकारी तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा शिक्षण संस्थानों में प्रदेश के गौरव और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराकर विद्यार्थियों को स्थापना दिवस कार्यक्रम से जोड़ें. जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित करें. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिले और प्रदेश के विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करें. सभी अधिकारी प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें. स्थापना दिवस समारोह के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं. कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी, कृषि, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास की प्रदर्शनी लगाई जाएगी.

# आसमान में बादलों का डेरा, रिमझिम बारिश के बीच गिरा पारा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, मानसून सत्र समाप्त होने के बाद भी जिले में रिमझिम बारिश हो रही है. पिछले चार दिन से सूर्यदेव के दर्शन नही हुए है. सुबह से बादल छाए रहे और दोपहर रिमझिम बारिश हुई.**

जिले के कई हिस्सो में तेज बारिश हुई है. अन्य दिनो के अपेक्षा तापमान में गिरावट आई है. दिन का अधिकतम तापमान लुढ़क कर 27 डिग्री पहुंचा गया. जबकि रात का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा. सोमवार को तेज बारिश के बाद बुधवार को रिमझिम बारिश हुई. मौसम विभाग की माने तो गुरूवार को एक बार फिर झमाझम बारिश की संभावना है. चक्रवात के चलते जिले में कई दिनो से बादल बने हुए है.

बारिश के बाद तापमान में गिरावट आई है वही खरीफ की फसल को भी नुकसान हुआ है. धान की कटाई चल रही है और तेज हवा के चलते धान की फसल खेत में धराशाई हो गई है जिससे किसानो को नुकसान हुआ है. अभी कई दिन तक इस तरह का मौसम रहेगा. लेकिन आसमान साफ होने के बाद कड़ाके की ठंड शुरू हो जायेगी. हालाकि बारिश के बाद से रात के तापमान में गिरावट आई है और हवा के कारण ठंड बढ़ी है.

### नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए

भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री से मांग किया है कि आसमायिक वारिस से मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलो मे खरीफ की फसले जो बोयी थी जहा वारिस हुई है खेत से लेकर खलिहान तक कितना नुकसान हुआ है तत्काल सर्वे कराया जाय. मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिलो मे खरीफ मे बोयी गयी सभी फसलो कि खसरा नम्बरो मे बोयी गयी फसलो के अनुसार गिरदाबरी के हो चुकी है बोयी गयी फसले खसरो मे दर्ज भी हो गयी है ऐसे मे बोयी गयी विभिन्न फसलो का रकबा जिला बार जानकारी ले आसमयिक वारिस से नुकसान कितनी हुआ है. तत्काल जानकारी ली जाय किसानो को राहत दी जाय.

# प्रदेश में रीवा संभाग ई-ऑफिस में पहुंचा प्रथम स्थान पर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, प्रशासनिक कार्यों की गतिशीलता बढ़ाने और फाइलों के त्वरित मूवमेंट के लिए ई ऑफिस प्रणाली लागू की गई है. इसमें प्रदेश स्तर, संभाग स्तर और जिला स्तर के कार्यालय शामिल हैं. अब सभी फाइलों और पत्रों का मूवमेंट ई ऑफिस के माध्यम से होता है.**

ई ऑफिस प्रणाली में रीवा संभाग 29 अक्टूबर को प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है. रीवा संभाग में 6613 फाइल क्रिएट की गईं तथा 27249 फाइलों का मूवमेंट हुआ. दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है. जिसमें 3918 फाइलें क्रिएट की गईं तथा 27232 फाइलों का मूवमेंट हुआ. कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को ई ऑफिस में रीवा संभाग को प्रथम स्थान पर पहुंचाने के लिए बधाई दी है. कमिश्नर ने कहा है कि सभी पत्रों और फाइलों का मूवमेंट ई ऑफिस के माध्यम से ही करें. इसमें समय और परिश्रम दोनों की बचत होती है.

सभी अधिकारी ई ऑफिस प्रणाली में स्वयं दक्षता प्राप्त कर लें जिससे कार्यालयीन समय के बाद भी फाइलों पर कार्य किया जा सके. संभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी जिलाधिकारियों को भी ई ऑफिस के माध्यम से ही पत्राचार करें तथा जिला स्तर पर ई ऑफिस से फाइलों के मूवमेंट की जानकारी प्रस्तुत करें.

# आंवला नवमी पर कार्यक्रम आज

**रीवा, 29 अक्टूबर,** अग्रवाल महिला मंडल रीवा के तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आंवला नवमी के शुभ अवसर पर 30 अक्टूबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से पचमठ धाम घोघर रीवा में आंवला नवमी पूजन के साथ सहभोज एवं कई प्रकार मनोरंजनात्मक गेम का आयोजन अग्रवाल समाज के सहयोग से किया गया है. अग्रवाल समाज अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एड., अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती शोभा अग्रवाल ने सभी से पहुंचने की अपील की है.

# सड़क पर जहां से गुजरते हैं वाहन वहां लगा लिया फल का ठेला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, नगर निगम के कर्मचारियों की मेहरबानी से सड़क में लाइन से फल के ठेले लग रहे है जो आवागमन के लिये बाधक बन रहे है.**



साईं मंदिर के सामने और घंटा घर के पास फलो के आधा सैकड़ा ठेले सुबह से रात तक लगे रहते है. जिसके कारण वाहनो की आवाजाही प्रभावित होती है और जाम की स्थित निर्मित होती है. नगर निगम कमिश्नर के निर्देश पर सभी फलो के ठेलो को हटाया गया था. लेकिन उड़नदस्ता कर्मचारियों की मेहरबानी से उसी स्थान पर फिर से ठेले लगने लगे है. इसके अलावा घोड़ा चौराहे में भी ठेले लग रहे है और फुटपाथ पर महिलाएं सामान बेचती है, लिहाजा पैदल निकलने तक की जगह नही बचती है.

हर सड़क पर ठेले लग रहे है जिसकी वजह से जाम की स्थित बनती है. नगर निगम का उड़नदस्ता दल दिन भर घूमता रहता है लेकिन ठेले नजर नही आते है, आम राहगीर परेशान होता है. शहर की सड़को में लग रहे हाथ ठेले जाम का एक मुख्य कारण बन चुके है. हर सड़क पर ठेले लगे है.

# पीएम आवास के अपूर्ण कार्यों को समय पर पूर्ण कराएं : प्रतिभा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों की नगर परिषदवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करायें.**

प्रधानमंत्री आवास प्रथम के तहत कार्यों को पूर्ण करने की अंतिम समय सीमा 15 नवम्बर है अत: नगर परिषद के सीएमओ नियत तिथि तक अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करायें अन्यथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि एएचपी घटक के स्वीकृत कार्य 15 नवम्बर तक पूर्ण करें तथा लंबित कार्यों की समय सीमा वृद्धि का प्रस्ताव शासन स्तर को भेजें. उन्होंने कहा कि आवास के लिये स्वीकृत राशि का यदि हितग्राही ने अन्य कार्यों में उपयोग किया हो तो संबंधित से वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित करायें. कलेक्टर ने धारणाधिकार के आवेदनों को पोर्टल में फीड करते हुए आवास स्वीकृति की कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में अधिकारियों को दिये. कलेक्टर ने कायाकल्प अभियान के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये. इस योजना में 71 कार्यों में से 35 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं. बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन मयंक वर्मा ने नगरीय निकायों तथा नगर निगम अन्तर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से जानकारी दी.



# भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति 14 नवम्बर तक आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, नगर निगम रीवा द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए भूमि आवंटन के संबंध में आवेदन दिया गया है.**

ग्राम रतहरा रीवा पटवारी हल्का रतहरा की रीवा की शासकीय आराजी नम्बर 143 रकवा 0.4410 हेक्टेयर, ग्राम बोदा पटवारी हल्का बोदा की शासकीय आराजी नम्बर 867 रकवा 1.2020 हेक्टेयर तथा ग्राम चिरहुला पटवारी हल्का चिरहुला की शासकीय आराजी नंबर 5 रकवा 0.8090 का आवंटन किया जाना है. इसके साथ ही संभागीय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास रीवा संभाग द्वारा कार्यालयीन भवन निर्माण के लिए भी भूमि आवंटन के संबंध में आवेदन दिया गया है. कार्यालयीन भवन के निर्माण के लिए ग्राम रीवा पटवारी हल्का रीवा की शासकीय आराजी नम्बर 840 रकवा 2.8820 हेक्टेयर में से रकवा 10000 वर्गफीट का आवंटन किया जाना है. तहसीलदार हुजूर नगर शिवशंकर शुक्ला ने जानकारी दी.



# बकाया राशि जमा न करने पर चार दुकानों में तालाबंदी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 अक्टूबर, नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली हेतु बड़े बकायादार व्यापारियों पर कड़ा रूख अपनाते हुये तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर जारी है.**

वार्ड क्र. 20 में स्थित गौरव काम्पलेक्स (गोरहा) में 4 दुकानो का बकाया किराया राशि न जमा करने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई. जिनमें दुकान क्र. 2 ब्लाक ए शंकरलाल पिता रामजीमल बकाया राशि रू. 50208, दुकान क्र. 3 ब्लाक ए श्रीमती केतकी बाई पति हजारीलाल बकाया राशि रू. 88922, दुकान क्र. 9 ब्लाक ए अनिल कुमार पिता चेतनदास बकाया राशि रू. 50208, दुकान क्र. 4 बी 1 दाउद मो0 शकूर मोहम्मद बकाया राशि रू. 65530 बकाया राशि न जमा करने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई. साथ ही जिन दुकानदारो द्वारा किराये में दुकान देने एवं बाहर सामग्री रखकर दुकानदारी करने पर जुर्माना लगाते हुये रू. 30 हजार की चालानी कार्यवाही की गई. साथ ही समझाइस दी गई कि पुनरावृत्ति पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जावेगी. नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय पर करों की राशि जमा न करने वाले करदाताओं के विरूद्ध निरंतर बड़ी कार्यवाही की जावेगी. सभी करदाताओं से अपील की गई है कि सभी प्रकार के बकाया कर निर्धारित समय में जमा कर, अप्रिय कार्यवाही से बचे. उक्त कार्यवाही में उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी मौजूद रहे.